

# बेला बाइपास पर 15 घंटे बाद खुला भीषण जाम

## 15 किलोमीटर तक हजारों वाहन फंसे थे, रीवा के बीहर नदी का पुल बंद होने से बढ़ी परेशानी

नवभारत न्यूज

**सतना 16 अप्रैल, बेला बायपास से मैहर टोल प्लाजा तक लगा करीब 15 किलोमीटर का लंबा जाम 15 घंटे बाद गुरुवार को खुल गया।**

बुधवार रात से खड़े हजारों वाहन जाम खुलने से निकल सके। मौके पर पहुंची रीवा और सतना पुलिस की संयुक्त टीम ने 3 घंटे की मशक्कत के बाद यातायात बहाल कराया। बता दें कि बीहर पुल के क्षतिग्रस्त होने से बुधवार रात 9 बजे से बेला बायपास और उससे जुड़े मार्गों पर जाम लगा था। जाम में फंसे ट्रक चालक लंबे समय तक भूखे-प्यासे इंतजार करते रहे।



### भूखे -प्यासे लंबा इंतजार

जाम में फंसे ट्रक चालक मुकेश कुशवाहा ने बताया, रात से ही खड़े हैं, गाड़ी आगे नहीं बढ़ रही। भूखे-प्यासे इंतजार कर रहे हैं, कोई देखने वाला नहीं है। वहीं राजेश विश्वकर्मा ने कहा, पूरी रात यहीं फंसे रहे, सुबह भी हालात वैसे ही हैं। पुलिस तक मौके पर नहीं है, ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# अधिवक्ता का बैग लूटा, पुलिस कह रही कहीं गिरा होगा

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अधिवक्ताओं ने की शिकायत

नवभारत न्यूज

**सतना, 16 अप्रैल. घर से कचहरी जाने के लिए निकले एक अधिवक्ता बीच रास्ते में लूट का शिकार हो गए. बाइक सवार 3 बदमाश उनके पास मौजूद बैग छीनकर फरार हो गए. बैग में विभिन्न प्रकरण से संबंधित फाइलें सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज होने के कारण अधिवक्ता द्वारा थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की गई. लेकिन थाना प्रभारी ने लूट की घटना की शिकायत दर्ज करने से साफ इंकार करते हुए यह नसीहत दे दी कि बैग के कहीं गिर जाने की शिकायत की जाए तो प्रकरण दर्ज कर लेंगे.**

पुलिस के इस रवैऐ को देखते हुए अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमण्डल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत की गई. जिले के जैतवारा थाना अंतर्गत ग्राम खम्हरिया निवासी सुरेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा जिला न्यायालय सतना में अधिवक्ता हैं. हर रोज की तरह 10 अप्रैल की सुबह वे अपने घर से कचहरी जाने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से निकले थे. बाइक पर उनके साथ उनके छोटे भाई विध्य कुमार भी थे. सुबह के लगभग 10 बजे जैसे ही वे शुक्ला बरदाडीह, गायत्री ट्रेडर्स के थोड़ा आगे पहुंचे. वैसे ही पीछे की ओर से बाइक सवार 3 अज्ञात युवक वहां आ धमके. बाइक सवारा बदमाशों ने देखते ही देखते अधिवक्ता के पास मौजूद काले रंग का बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए. उक्त बैग में न्यायालय से संबंधित 6 फाइलें, फाइलों में असल दस्तावेज, प्रकरण दर्ज करने की अधिवक्ता डायरी, दो बैंक की पासबुक, बिजली बिल की जमा रसीदें, बीमा किश्त की पावती रसीदें, लेखन सामग्री सहित अन्य महत्वपूर्ण सामान रखा हुआ था. जिसकी कीमत 5 हजार रु आंकी गई. घटना को देखते हुए अधिवक्ता श्री विश्वकर्मा फौरन ही शिकायत दर्ज कराने के लिए कोलगवां थाने पहुंचे. लेकिन वहां पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने शिकायत दर्ज करने में आनाकानी शुरु कर दी. जिसे देखते हुए अधिवक्ता द्वारा इस संबंध में थाना प्रभारी सुदीप सोनी से बात की गई. लेकिन थाना प्रभारी ने अधिवक्ता को नसीहत देते हुए कहा कि यदि बैग के कहीं गिर जाने की शिकायत की जाए तो प्रकरण दर्ज कर लिया जाएगा. लूट की घटना होने और घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने के बावजूद भी बैग कहीं गिर जाने की शिकायत दर्ज कराना अधिवक्ता को कहीं से भी उचित नहीं लगा. लिहाजा वे सीधे कचहरी चले गए और अपने साथी अधिवक्ताओं को इस घटना के बारे में बताया.



### एसपी कार्यालय पहुंचे अधिवक्ता

अधिवक्ता के साथ लूट जैसी गंभीर घटना होने के बावजूद भी पुलिस के संवेदनहीन रवैऐ को देखते हुए अधिवक्ता लामबंद हो गए. इसी कड़ी में गुरुवार को दो दर्जन से अधिक अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमण्डल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा. जहां पर एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए लूट का अपराध दर्ज करने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की. ज्ञापन सौंपने के दौरान अधिवक्ता हरीश द्विवेदी, विष्णुकांत पाठक, शैलेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र बागरी, मुकेश मिश्रा, अरुण गौतम, विनोद गौतम, संतोष गौतम, जगमोहन मिश्रा, रोहित केवट, वंदना पटेल, अलका आर्य, अरुण सिंह, मुन्नी खान, वंदना ताम्रकार, कमलेश आबेरॉय, नीरज सिंह, राजललन सिंह, गिरीष पाण्डेय, विनय शर्मा और विनोद महतो सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे.



# नदी के भीतर छिपा मिला अवैध शराब का जखीरा

नवभारत न्यूज

**सतना 16 अप्रैल,जंगल के बीच बहने वाली नदी के सुनसान किनारों को बड़े पैमाने पर देशी हाथ भट्ठी की अवैध महुआ शराब बनाने के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। भरना कि जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने सुनियोजित तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया। जिसके चलते नदी के गहरे पानी में छिपाकर रखे गए महुआ लाहन के जखीरे को बरामद कर नष्ट करा दिया गया।**

मैहर जिले के ताला थाना प्रभारी महेन्द्र मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चौकी मुकुंदपुर क्षेत्र में जंगल के पास बहने वाली मुरझुआ नदी के मरघट घाट से लेकर कस्तरा घाट तक, अवैध शराब बनाने के उद्देश्य से महुआ लाहन को प्लास्टिक के डिब्बों में भरकर पत्थरों से बांधकर 3 से 4 फीट गहरे पानी में छुपाकर रखा गया है। सूचना की पुष्टि के लिए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नागेश्वर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने गोताखोरों की मदद से नदी में उतरकर गहन सर्च ऑपरेशन शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम को सफलता मिली। नदी के भीतर छुपाकर रखे गए करीब 55 प्लास्टिक डिब्बे बरामद किए गए, जिनमें लगभग 825 किलोग्राम महुआ लाहन भरा हुआ था। यह लाहन अवैध रूप से शराब बनाने के लिए तैयार किया जा रहा था।

### मौके पर नष्ट कराया

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही पूरे लाहन को नष्ट कर दिया, जिससे अवैध शराब निर्माण की एक बड़ी साजिश नाकाम हो गई। कार्रवाई के बाद पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि इस अवैध गतिविधि में संलिप्त लोगों की पहचान की जा सके।

# बारापत्थर हत्याकांड का मुख्य आरोपी 40 दिन बाद गिरफ्तार

- एमपी-यूपी बॉर्डर से पकड़ा गया 20 हजार का ईनामी

नवभारत न्यूज

**सतना 16 अप्रैल, जिले के नागौद थाना क्षेत्र में हुए बहुचर्चित बारापत्थर हत्याकांड के मुख्य आरोपी चंदन यादव को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे बांदा इलाके से पकड़ा गया। इस गिरफ्तारी को पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड में एक बड़ी सफलता बताया है।**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चंदन यादव बांदा क्षेत्र में मौजूद है और वहां से निकलने की तैयारी में है। इस इनपुट पर नागौद पुलिस और साइबर सेल की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। टीम ने इलाके की घेराबंदी कर सटीक लोकेशन के आधार पर बाइक से भागने की फिराक में रहे आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद चंदन यादव को सतना लाया गया। आज (गुरुवार) उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह घटना 5 मार्च की रात नागौद क्षेत्र के बारापत्थर गांव में हुई थी। आरोपियों ने अभय उर्फ बबलू यादव (50 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस दौरान बबलू के बेटे राणा यादव को भी गोली लगने से घायल हो गए थे। इस घटना के बाद पुलिस मुख्य आरोपी और राजू विश्वकर्मा की धरपकड़ के लिए प्रयास करने लगी, इसी बीच उसके बिहार से वापस आने की भनक लगी तो जाल बिछा दिया गया, लेकिन बदमाश ने फिर चकमा देकर यूपी भागने की कोशिश की, पर बरौंधा में पकड़ा गया।



# पुलिस ने पकड़ी 135 लीटर अवैध शराब की खेप

नवभारत न्यूज

**सतना 16 अप्रैल, मैहर पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए 135 लीटर अवैध पकड़ी। जिसकी कीमत 1 लाख से अधिक आंकी गई। इस मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त एक्सयूवी वाहन समेत बाइक को जब्त कर लिया।**



कोतवाली थाना मैहर प्रभारी अनिमेष द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर रीवा रोड की सर्विस रोड पर घेराबंदी कर एक्सयूवी 500 कार क्रमांक स्क्क्ष9ज्ञ4346 को रोका गया। वाहन में सवार महेन्द्र चौरसिया उर्फ बडकू, निवासी ग्राम लालपुर थाना अमरपाटन एवम राजीव पटेल उर्फ गुड्डु, निवासी ग्राम हरदासपुर थाना कोतवाली मैहर के कब्जे से 9 कार्टूनों में कुल 450 पाव (81 लीटर) अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जिसकी अनुमानित कीमत 60,750 रु आंकी गई। इसी कड़ी में शराब एवं वाहन जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह की दूसरी कार्यवाही में बड़गैया रोड, राम मंदिर के पास घेराबंदी कर मोटर सायकल क्रमांक स्क्क्ष9रु326 को रोका गया।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा आज भोपाल जाएगा

नवभारत न्यूज

**सतना 16 अप्रैल, अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संयोजक आलोक त्रिपाठी ने बताया की सतना जिले से आज शुक्रवार को मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा के लिये हजारों की संख्या में भोपाल के लिये रवाना होंगें।**

मध्यप्रदेश शासन से लिखित अनुमति 18 अप्रैल 2026 के लिये भेल दशहरा मैदान भोपाल के लिये गुरुवार को मिल गई है। यह आंदोलन शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्ति और नियुक्ति दिनाँक से सेवावधि की गणना करके ग्रेज्युटी, अवकाश, पेंशन दिया जाये हजारों की संख्या में रेल रिजर्व बस एवं निजी वाहनों से शिक्षक जा रहे हैं। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा सतना जिले के सभी अध्यापक शिक्षकों से अपील करता है की 18 अप्रैल को भेल दशहरा मैदान भोपाल पहुंचे.

# लवडेल स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सतना 16 अप्रैल,कक्षा दसवीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में लवडेल स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस परीक्षा में विद्यालय के पच्चीस विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि अपने माता-पिता एवं शहर का भी नाम रोशन किया।जाह्नवी श्रीवास्तव ने 98% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।**

वहीं अनुष्का तिवारी ने संस्कृत विषय में 100 अंक प्राप्त करते हुए 97.60% के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इसके अतिरिक्त कार्तिक सिंह (97.40%), आयुषी गुप्ता (97.20%), देव अग्रवाल (96.40%), अंकिता शुक्ला (96.20%), वैभव द्विवेदी (96.00%), ह्रदया द्विवेदी (95.80%), दिया अग्रवाल (95.60%), साएशा आहूजा (95.60%), आयुष सिंह चौहान (94.40%), सेतु मिरानी (94.40%), सूर्यांश यादव (94.20%), आदित्य चौबे (94.00त्न), साक्षी पयासी (93.20%), सोमांश चौरसिया (93.20%), कुशाग्र तिवारी (93.00%), अनम्या पाठक (92.40%), दिव्यराज सिंह (92.00%), कार्तिकेय पांडेय (92.00%), कृष्टि सिरवानी (90.80%), प्रिशा मुद्रा (90.80%), अपर्णा मिश्रा (90.60%), ध्रुव गुप्ता (90.40%) तथा कृतिका सिंह बघेल (90.20%) ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के चेयरमैन मृगेन्द्र सिंह एवं डायरेक्टर एवं प्राचार्या ने इस शानदार परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# अनुपमा ने प्रधानमंत्री से किया संवाद, जिले का बढ़ाया मान

नवभारत न्यूज

**सतना 16 अप्रैल, शहर के लिए यह गर्व का क्षण है कि ए के एस यूनिवर्सिटी की मेधावी छात्रा अनुपमा पटनहा ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता एमवाई भारत बजट क्रेस्ट 2026 के फाइनल चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद में सहभागिता दर्ज कराई।**

श्री अरविंद पटनहा एवं मीना पटनहा की सुपुत्री अनुपमा वर्तमान में ए के एस यूनिवर्सिटी में विज्ञान स्नातक (बी.एससी.) की छात्रा हैं। उन्होंने अपनी लगन, अनुशासन और आर्थिक विषयों पर गहरी समझ के दम पर देशभर से आए लाखों प्रतिभागियों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। प्रतियोगिता के अंतिम चरण, जो 12 और 13 अप्रैल 2026 को आयोजित हुआ,जिसमें अनुपमा ने देश की आर्थिक नीतियों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इस दौरान उन्हें सीधे प्रधानमंत्री से संवाद का अवसर मिला—जो किसी भी युवा प्रतिभा के लिए एक दुर्लभ और ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जाती है।



# डीपीएस सतना के बच्चों का सीबीएसई 10 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



नवभारत न्यूज

**सतना 16 अप्रैल, सुप्रसिद्ध बोर्डिंग स्कूल दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है।**


जपमनदीप कौर ने 96.8 त्न प्राप्त करके पहला स्थान प्राप्त किया। दिव्यांगी गर्ग और जान्हवी सिंह ने 96.4 त्न प्राप्त करके दूसरा स्थान प्राप्त किया। सौम्या अग्रवाल 95.6 त्नअंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। निहाल गुप्ता और आशुतोष तिवारी ने 94.8 त्न अंक प्राप्त करके चौथा स्थान प्राप्त किया। आयुष यादव ने 94.4 त्न अंक प्राप्त करके पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया। 12 बच्चों ने 90त्न से ऊपर अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट, प्रिंसिपल शशि श्रीनिवास, सभी टीचर्स और डीपीएस सतना टीम ने बच्चों को इस सफलता के लिए बधाइयाँ दी हैं।

# भवन प्रिज्म स्कूल ने दसवीं कक्षा में रचा इतिहास

नवभारत न्यूज

**सतना 16 अप्रैल, सी0बी0एस0ई0 द्वारा 15 अप्रैल 2026 को घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल सतना ने नए कीर्तिमान स्थापित किए।**

वानिया वाणी खान पुत्री शमीम अख्तर खान, भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल 95.8 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान, इशिता साहू पुत्री संजय कुमार साहू, मेकैनिकल डिपार्टमेन्ट 95 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा शिवांशु तिवारी शिवेन्द्र कुमार तिवारी, माइन्स डिपार्टमेन्ट 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीन छात्रों, अंश सिन्हा पुत्र श्री नीरज सिन्हा इशिता साहू, पुत्री संजय कुमार साहू और शिवांशु तिवारी पुत्र शिवेन्द्र कुमार तिवारी ने सूचना प्रौद्योगिकी में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। हाल ही में जारी परिणामों में 34 प्रतिशत छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 96.55 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जिनमें 86.2 प्रतिशत विद्यार्थियों को विशेष योग्यता प्राप्त हुई। विद्यालय का औसत परीक्षा प्राप्तांक 83.74 प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।



विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामानंद गोस्वामी ने सभी छात्रों को उनकी मेहनत और अथक् प्रयास के लिए बधाई दी। उन्होंने शिक्षकों के निरन्तर मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट सहयोग के लिए विशेष सराहना की। उन्होंने छात्रों को आशीष प्रदान करते कहा, "हमें अपने छात्रों की मेहनत, अनुशासन और दृ? इच्छाशक्ति पर गर्व है,। हमारे छात्र विंध्य धरा पर सितारों की भाँति चमकते रहेंगे। हेड एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर एवं स्कूल चेयरमेन डॉ. मनीष कुमार सिन्हा ने विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों की भूमिका के महत्व को रेखांकित किया.


भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA जनगणना से जन कल्याण

गृह मंत्रालय भारत सरकार

सत्यमेव जयते

# हमारी जनगणना हमारा विकास

**(जनगणना 2027 का पहला चरण)**

**स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)**

**स्व-गणना क्या है?**

स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल **(se.census.gov.in)** पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



- **क्या स्व-गणना अनिवार्य है?**
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- **क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?**
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- **क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?**
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- **क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?**
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- **SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?**
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- **यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?**
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- **क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?**
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- **क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?**
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- **क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?**
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

**टोल फ्री - 1855**

CBC 19108/13/0023/2627

**चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी**

CensusIndia2027